[ 5/12/2025]

प्रश्न सं. [ क्र. 289 ]

## विधानसभा प्रश्न क्रमांक 289 अतारांकित

**परिशिष्ट-अ**

पन्ना में किलकिला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट हेतु इस कार्यालय के पत्र क्र. 597 दिनांक 12.02.2024 द्वारा शासकीय आराजी खसरा क्र. 2107 रकवा 61.1160 हेक्टेयर में से 1.5 हेक्टेयर भूमि किलकिला नदी के समीप सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण हेतु स्वच्छ भारत मिशन मिशन (शहरी)-2.0 अंतर्गत उपयोगित जल प्रबंधन कार्य हेतु आवंटन के लिये ऑन लाईन आवेदन क्र. 0809200201010-APP-20098578 दिनांक 12.10.2024 को किया जा चुका है। भूमि आवंटन की प्रक्रिया प्रचलन में है।

उक्त कार्य हेतु 22.42 करोड़ रूपये की डी.पी.आर. कन्सल्टेंट सीटेक इण्डिया कोलकाता के द्वारा तैयार कराई जाकर इस कार्यालय के पत्र क्र. 211 दिनांक 17.01.2025 द्वारा कार्यपालन यंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास, सागर संभाग सागर को भेजी गई, जो कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास, सागर संभाग सागर के पत्र क्र./या.प्र./2025/109 सागर दिनां 23.01.2025 द्वारा स्वीकृति की अनुशंसा सहित प्रमुख अभियंता, नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल म.प्र. को अग्रेषित की गई।

संचालनालय द्वारा उक्त डीपीआर में कुछ सुधार हेतु निर्देशित किया गया। जिसके संबंध में संबंधित कन्सल्टेंट सीटेक इण्डिया कोलकाता को इस कार्यालय के पत्र क्र. 2307 दिनांक 24.06.2025 द्वारा सुधर हेतु निर्देशित किया गया। कन्सल्टेंट द्वारा उक्त सुधार कर संशोधित डी.पी.आर. प्रस्तुत न करने पर कार्यालयीन पत्र क्र. 4988 दिनांक 22.10.2025 एवं पत्र क्र. 5243 दिनांक 29.10.2025 द्वारा स्मरण पत्र भेजे गये है। अभी तक कन्सल्टेंट से संशोधित डी.पी.आर. अप्राप्त है। संशोधित डी.पी.आर. प्रस्तुत करने हेतु कन्सल्टेंट से लगातार सम्पर्क किया जा रहा है। संशोधित डी.पी.आर. प्राप्त होते ही आगामी कार्यवाही की जावेगी।

नगर के बाहर कचरा प्रसंस्करण केन्द्र बनाये जाने हेतु न्यायालय कलेक्टर जिला-पन्ना म.प्र. के प्रकरण क्र. 0017/अ-20(5)/2024-25 के आदेश दिनांक 05.05.2025 द्वारा ग्राम सिनरा स्थित शासकीय सर्वे नम्बर 89 रकवा 0.7800 हे. सर्वे नम्बर 90 रकबा 1.1100 हे. एवं सर्वे नम्बर 91 रकवा 2.6800 हे. (कुल किता 03 कुल रकवा 4.57 हे.) को नगर पालिका परिषद पन्ना (नगरीय निकाय) को नवीन कचरा प्रसंस्करण केन्द्र हेतु आवंटित की जा चुकी है।

उक्त भूमि पर नवीन कचरा प्रसंस्करण केन्द्र निर्माण हेतु डी.पी.आर. तैयार करने के लिये निकाय द्वारा ऑनलाईन निविदा सूचना क्र.2025_UAD_461162_1 दिनांक 06.11.2025 जारी की गई है। जिसमें निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 12.12.2025 है। उक्त अनुसार डी.पी.आर. तैयार होने पर आगामी कार्यवाही की जावेगी।

सहायक संचालक
नगरीय प्रशासन एवं विकास
भोपाल (म.प्र.)

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग
मंत्रालय, भोपाल